# चित्रकूट-पुलिस

(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5.0’
सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0’ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो की एंटीरोमियो टीमों द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना क्षेत्र में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-
1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।
2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।
3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।
महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ
1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 – वीमेन पावर लाइन
181 – वीमेन हेल्पलाइन
112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस
108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा
1098 – चाइल्ड लाइन
101 – अग्निशमन सेवा
1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।
इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve

Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनाँक 12.10.2025 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद में चल रही प्रथम पाली की राज्य/प्रवर अधिनस्थ सेवा(प्रा0) परीक्षा -2025 व व सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0)-परीक्षा2025 के परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इण्टर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलेज सीतापुर का औचक निरीक्षण कर सुचितापूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। परीक्षा केन्द्रों पर लगे समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा परीक्षा केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरें को चेक किया गया।
भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री यामीन अहमद व पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मुकेश कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा धर्म परिवर्तन कराने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. भारत हरिजन पुत्र स्व0 दुर्गा उम्र करीब 42 वर्ष धुनुवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट
2. रामविशाल नाई पुत्र कल्लू उम्र करीब 50 वर्ष निवासी धुनुवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय-**

धुनुवा मोड़ थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट,दिनांक 12.10.2025 समय 10.45 बजे दिन
संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.10.2025 को वादी श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 ज्ञान सिंह निवासी कर्वी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा सूचना दी गयी थी कि भारत हरिजन पुत्र दुर्गा हरिजन निवासी धुनुवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट के द्वारा अपने घर में विगत 1 वर्ष से राम विशाल पुत्र कल्लू नाई निवासी ग्राम धुनुवा थाना रैपुरा व महेश ग्राम हटवा थाना मऊ के सहयोग से विमल मौर्या पुत्र मनसुख लाल ग्राम हटवा थाना मऊ जनपद चित्रकूट,उर्मिला देवी पत्नी मनसुख लाल,रामगोपाल पुत्र रामऔतार, सुखवंती पत्नी रामगोपाल थाना बरगढ़,गन्धी उर्फ रामगोपाल पुत्र स्व0 जियालाल निवासी धुनुवा थाना रैपुरा,शिवगनेश पुत्र गन्धी उर्फ रामगोपाल निवासी व अगभग 10 अन्य हिन्दू गरीब परिवारों को धन का प्रलोभन देकर हिन्दू देवी देवताओं को अभद्र गाली देकर ईशा मसीह का महिमा मण्डल करते हुए प्रार्थना सभा बाइबल की कथा सुनाकर धर्मान्तरण के लिए विवश करना । इस सूचना पर थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 245/25 धारा 299 बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 बनाम 1. भारत हरिजन पुत्र स्व0 दुर्गा उम्र करीब 42 वर्ष धुनुवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 2. रामविशाल नाई पुत्र कल्लू उम्र करीब 50 वर्ष निवासी धुनुवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 3.महेश पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम हटवा थाना मऊ जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। विवेचना उ0नि0 श्री मुकेश कुमार सिंह द्वारा प्रचलित हुई। दिनांक 12.10.2025 को समय 10.45 बजे दिन में उ0नि0 श्री मुकेश कुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा 1. भारत हरिजन

पुत्र स्व0 दुर्गा उम्र करीब 42 वर्ष धुनुवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को धुनुवा मोड़ थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्त महेश पुत्र अज्ञात की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री मुकेश कुमार सिंह थाना रैपुरा

2.उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय

3.मुख्य आरक्षी राममूरत

4.आरक्षी अंकित शुक्ला

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 03 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री अतीन्द्र सिंह चौहान मय हमराह आरक्षी रणवीर सिंह थाना भरतकूप द्वारा मु0नं0 998/19 मु0अ0सं0 313/2018 धारा 323,324,332,353,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त छोटेलाल पुत्र चुनवाद पाल निवासी गडरियन पुरवा रौली कल्याणपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii).उ0नि0 श्री अनूप कुमार शुक्ला मय हमराह आरक्षी सोनपाल थाना मऊ द्वारा मु0नं0 2874/21 अ0सं0 55/21 धारा 379/411 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ जितेन्द्र पुत्र प्राण निवासी मटियारा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(iii).उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह मय हमराह आरक्षी पीयूष सरन श्रीवास्तव थाना बरगढ़ द्वारा मु0नं0 81/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त राघवेन्द्र कुमार पुत्र बद्री विशाल निवासी सेमरा थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(5).आज दिनाँक 12.10.2025 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत कानून, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री लाखन सिंह की उपस्थिति में कर्वी शहर के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी

(6).आज दिनांक 12.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह. द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा उपस्थिति में रामघाट पर पैदल गस्त कर दीपावली मेले की तैयारी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अक्षीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए रामघाट पर मेले के दौरान लाइटिंग, स्पीकर, सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, खोया पाया केंद्र हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही साथ मंदाकिनी नदी में बैरिकेटिंग,नाव,साफ-सफाई,ड्यूटी प्वाइंट चिन्हित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पैदल गस्त के दौरान चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।